दिनांक: 01.08.2024 समय : 18.30 पीएम

# आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश में कई जगह मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित– जयपुर में वर्षाजनित हादसों में चार लोगों की मृत्यु।
- 16वें वित्त आयोग का दल प्रदेश के दो दिन के दौरे पर – दल ने मुख्यमंत्री और उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की।
- सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में उप–वर्गीकरण करने संबंधी राज्यों की शक्ति को बरकरार रखा।
- पेरिस ओलंपिक में आज निशानेबाजी में स्वप्निल कुसाले ने भारत के लिये तीसरा कांस्य पदक जीता।

000

प्रदेश में व्यापक बारिश हुई है। कई जगह मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जयपुर में एक ही दिन में डेढ़ सौ मिलीमीटर बारिश हुई है, जो 2015 के बाद सर्वाधिक है। कल शाम से हो रही लगातार बारिश से शहर में कई सड़कों पर पानी भर गया। घरों और दुकानों में भी बारिश का पानी घुस गया। विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में बेसमेंट में पानी भरने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मृत्यु हो गई, जिनके लिये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने तुरन्त सहायता के निर्देश जारी किये। मरने वालों के परिजनों को प्रति व्यक्ति 4–4 लाख रूपये आपदा राहत से और एक–एक लाख रूपये मुख्यमंत्री सहायता कोष से मंजूर किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबन्धन विभाग को मुस्तैद रहने को कहा है। इस बीच उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर हालात की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को सहायता देने के साथ ही क्षेत्र में जल भराव की समस्या का स्थायी हल निकाला जायेगा।

..................

जयपुर ग्रामीण जिले के बगरू इलाके में बरसात के पानी के तेज बहाव में एक बच्चे की बहने से मौत हो गई। जामडोली में सड़क धंसने से 6–7 वाहन जमीन में समा गये, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जयसिंहपुराखोर के पास दो मंजिला मकान गिर गया। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने घटना स्थल का दौरा कर बचाव कार्य का निरीक्षण किया। गंगानगर और आसपास के गांवों में अच्छी बरसात हुई है। सूरतगढ़ क्षेत्र में भी जमकर बारिश हुई। हनुमानगढ़ के नोहर में सड़कों पर बारिश का पानी भर गया।

टोंक में तेज बारिश के बाद नदी नाले उफान पर हैं। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने पीपलू सहित जिले के प्रभावित इलाकों का दौरा कर हलात कर जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा है। चूरू में रात से बारिश हो रही है। शहर के मुख्य मार्गों पर दो से तीन फुट पानी भर गया है। इस बारिश से किसानों के चहरे खिल उठे हैं। नीमका थाना और सवाईमाधोपुर में भी कल से बारिश जारी है। बांसवाड़ा में एक घंटे तक तेज बरसात हुई।

000

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगड़िया के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों का दल दो दिन के प्रदेश दौरे पर है। आज सुबह आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में वित्त आयोग के अध्यक्ष के अलावा सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पाण्डा, डॉ. सौम्य कांति घोष तथा सचिव रित्विक पाण्डे उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और मुख्य सचिव सुधांश पंत भी मौजूद रहे। आयोग के समक्ष राज्य सरकार में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा ने एक प्रजेंटेशन भी दिया। आज दोपहर मीडिया से बातचीत में आयोग के अध्यक्ष श्री पनगड़िया ने बताया कि प्रजेंटेशन में राजस्थान की विशेष स्थितियों और परिस्थितियों के बारे में बताया गया, जिसका आयोग ने संज्ञान लिया है। साथ ही, राज्यों को मिलने वाले हिस्से को लेकर भी कुछ विशेष मांग और सुझाव दिये गये हैं।

...............

श्री पनगड़िया ने बताया कि आयोग अब तक तीन राज्यों का दौरा कर चुका है और राजस्थान चौथा राज्य है। सभी राज्यों का दौरा करने में पांच से छह माह का समय लगेगा। उसके बाद आयोग मंथन कर अपने रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। आज दोपहर बाद आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय निकाय संस्थाओं के प्रतिनिधियों, उद्योग और व्यापार तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। आयोग का प्रतिनिधिमंडल कल पंचायती राज के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेगा।

000

राज्य सरकार उत्तराखण्ड की तर्ज पर प्रदेश में समान नागरिकता संहिता बिल लाने पर विचार कर रही है। विधायक कालीचरण सराफ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में विधि और कानून तथा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस विषय पर विचार किया जा रहा है। सभी पहलुओं पर विचार कर सरकार उचित समय पर समान नागरिक संहिता पर विधेयक लायेगी, हालांकि सरकार ने बिल लाने और यूसीसी लागू करने की समय सीमा के बारे में नहीं बताया है।

000

राज्य सरकार ने आज विधानसभा में बताया कि प्रदेश में चोरी, लूटपाट और अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। गृहमंत्री की ओर से पूरक प्रश्नों के जवाब में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश में संगठित अपराधों को रोकने के लिए पिछले साल दिसम्बर में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसके अलावा प्रत्येक जिले में पुलिस निरीक्षक की अगुवाई में 7 से 15 पुलिस कर्मियों की स्पेशल टीम का गठन भी किया गया है।

सुरक्षात्मक उपाय करते हुए अपराधियों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने विधायक विकास चौधरी के सवाल के जवाब में कहा कि विधानसभा क्षेत्र किशनगढ के मदनगंज और गांधीनगर में सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन चोरी के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि इन चोरियों की रोकथाम के लिए इन इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये गए हैं।

000

गृह राज्य मंत्री नित्यातनंद राय ने आज लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया। यह विधेयक 2005 के आपदा प्रबंधन अधिनियम को संशोधित करने के लिए पेश किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्य को कुशल बनाना है। यह विधेयक राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आपदा योजना तैयार करने में अधिकारियों को सक्षम बनाएगा। विधेयक में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आपदा डेटाबेस तैयार करने की बात भी कही गई है। इस विधेयक में राज्य की राजधानी और नगर–निगमों वाले बडे शहरों के लिए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन का प्रावधान किया गया है। इसमें राज्य सरकारों द्वारा राज्य आपदा मोचन बल के गठन का भी प्रावधान किया गया है।

000

..................

सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक ऐतिहासिक फैसले में आरक्षण का लाभ देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति – एससी/एसटी के आरक्षित श्रेणी समूहों को उनके पिछड़ेपन के आधार पर अलग–अलग समूहों में उप–वर्गीकृत करने की राज्यों की शक्ति को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व् में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने 2004 के ईवी चिन्नैया के फैसले को छह के मुकाबले एकमत से खारिज कर दिया। इस फैसले से न्यायायाधीश बेला त्रिवेदी ने असहमति दिखाई। 2004 के फैसले में कहा गया था कि एससी/एसटी का उप–वर्गीकरण अनुच्छेद 341 के विपरीत है, जो राष्ट्रपति को एससी/एसटी की सूची तैयार करने की अनुमति देता है।

000

..................

पेरिस ओलंपिक के छठे दिन आज भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही वे पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बन गए हैं। दूसरी ओर, मुक्केबाज निकहत ज़रीन मुक्केबाजी के 50 किलो भार वर्ग के मुकाबले में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू से हार गई। हॉकी में ग्रुप–बी क्वालीफायर में भारत बेल्जियम से 2–1 से शिकस्त मिली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वप्निल कुसाले को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वप्निल कुसाले पुरुषों की पचास मीटर राइफल 3 पोजीशन श्रेणी में पदक जीतने वाले पहले

भारतीय बन गए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि भारत ने एक ही ओलंपिक में निशानेबाजी स्पर्धा में तीन पदक जीते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पूरे निशानेबाजी दल ने भारत को गौरवान्वित किया है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्वप्निल को पदक जीतने पर बधाई दी है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने भी स्वप्निल कुसाले को कांस्य पदक जीतने पर शुभकामनायें दी है।

000

...............

देश में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम यानि ए.ई.एस. के मामलों में 19 जुलाई के बाद से लगातार गिरावट हुई है। आज नई दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के निदेशक और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक की संयुक्त बैठक में ये जानकारी दी गई। अब तक ए.ई.एस. के 148 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 59 मामलों में मृत्यु हो गई है। 51 मामलों में चांदीपुरा वायरस की पुष्टि हुई है। अकेले गुजरात में ए.ई.एस के 140 मामले सामने आये हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को शुरू करने और प्रकोप की विस्तृत महामारी विज्ञान जांच करने में सहायता के लिए गुजरात में राष्ट्रीय संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया दल तैनात किया गया है। राजस्थान से ए.ई.एस. के 3 मामले रिपोर्ट किए गए हैं। यहां पर राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र और राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र –एनसीवीबीडीसी की ओर संयुक्त सलाह जारी की जा रही है। गौरतलब है कि ये बीमारी रेत मक्खियों और टिक जैसे वेक्टरों द्वारा फैलता है। वेक्टर नियंत्रण, स्वच्छता और जागरूकता ही इस बीमारी के

खिलाफ उपलब्ध एकमात्र उपाय हैं, लेकिन संदिग्ध मामलों को समय पर डॉक्टर और निर्देशित सुविधा में भेजने से परिणामों में सुधार हो सकता है।

000